राष्ट्रपति
भारत गणतंत्र
**PRESIDENT**
**REPUBLIC OF INDIA**

## संदेश

मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई है कि भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान जम्मू द्वारा सातवें दीक्षांत समारोह का आयोजन किया जा रहा है।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान जम्मू ने कम समय में शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। संस्थान शोध और शैक्षणिक सहयोग को बढ़ावा दे रहा है। दीक्षांत समारोह विद्यार्थियों की शैक्षणिक यात्रा के पूर्ण होने और नई दिशा में आगे बढ़ने का महत्वपूर्ण अवसर है। संस्थान द्वारा विद्यार्थियों को ज्ञान, कौशल और सामाजिक विकास के लिए प्रेरित करने के प्रयास सराहनीय हैं। मुझे विश्वास है कि भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान जम्मू के विद्यार्थी अपने ज्ञान और प्रतिभा से देश की प्रगति में सार्थक योगदान देंगे तथा अपने संस्थान और राष्ट्र का गौरव बढ़ाएंगे।

मैं भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान जम्मू से जुड़े सभी लोगों को शुभकामनाएं देती हूं और सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करती हूं।

द्रौपदी
(द्रौपदी मुर्मु)

**22 सितम्बर 2026**